इसमें से लगभग 31% का वितरण अनुजाति/अनु. जनजाति जनसंख्या को किया गया है ।

खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग अपने कार्यक्रम 30 राज्य/संघ शासित क्षेत्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्डों, 2320 पंजीकृत संस्थाओं, 29813 सहकारी समितियों तथा 5 लाख से अधिक व्यक्तियों के जरिए चलाता है । इसलिए समितियों के नाम और संख्या के संबंध में सूचना उपलब्ध कराना मुश्किल है ।

खादी ग्रामोद्योग आयोग में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के पदों का बकाया (बैकलाग)

1263. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ शीश अफजल** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 1993 तक खादी ग्रामोद्योग आयोग में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के कितने बकाया पदों को भरा गया है; और

(ख) इन बकाया पदों के कब तक भर लिए जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय (लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा केन्द्रीय कार्यालय में 31-3-1993 तक भरे जाने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कुल बकाया पद इस प्रकार है :—

	राजपत्रित	अराजपत्रित
अनुसूचित जाति बकाया पद	1	31
अनुसूचित जनजाति बकाया पद	3	53
योग	4	84

बम्बई से बाहर स्थित खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के अन्य कार्यालयों के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बकाया सभी पदों को विज्ञापन द्वारा तथा पैनल बनाकर पूरा करने के लिए खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग ने पहले के वर्षों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष भर्ती अभियान शुरू किया है ।

मुजफ्फरनगर को समितियों को दिया गया ऋण

1264. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ शीश अफजल** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991-92 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को समितियों को कितना ऋण दिया है; और

(ख) मुजफ्फरनगर जिले की किन-किन समितियों को ऋण दिया गया था ?

उद्योग मंत्रालय (लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) और (ख) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की विभिन्न संस्थाओं/सहकारी समितियों को वितरित ऋण की राशि इस प्रकार है :—

(रुपए लाख में)

खादी ऋण	1.40
ग्रामोद्योग ऋण	7.30
योग :	8.70

संस्थाओं/सहकारी समितियों के नाम और और उनको दी गई राशि इस प्रकार है :—

क्रम० सं०	नाम	ऋण (रुपये लाख)
1.	बैसले ग्रामोद्योग समिति, चंदन, बुढाना	2.40
2.	ग्राम सेवा निकेतन, बक्कर, कासोबन	0.68
3.	ग्रामोद्योग विकास संस्थान, न्यू मंडल	2.40
4.	इन्दिरा ग्रामोद्योग समिति, सोटा	1.25
5.	ललिता ग्रामोद्योग संस्थान, पुरहाना	1.25
6.	तुलिया ग्रामोद्योग सेवा समिति, इलम खोर्ड	0.72
	योग	8.70